VIKLANG SAHARA SAMITI DELHI

V S S D

Estd. 1994

# Annual Report 2020-21











## Viklang Sahara Samiti Delhi

## G-Block Basti Vikas Kendra, Mangol Puri, Delhi-110083

## Phone:- 27915733/27913307

# विकलांग सहारा समिति दिल्ली सोसाइटी के सदस्य–2020–21

| Sl. No. | Name | Designation | Ph No. | Occupation | Address |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Radhe Shyam<br>Delhi<br>vssd1994@gmail.com | Chair Person | 9313502828 | Social Worker | Block F-2/45, Mangol Puri Delhi |
| 2 | Sh. Bajrang Lal Gupta<br>Delhi<br>vssd1994@gmail.com | President | 9312408847 | Business | F-25/18, Sec. 3, Rohini, New Delhi-110085 |
| 3 | Sh. Vishnu Singhal<br>Delhi<br>vssd1994@gmail.com | Vice-President | 9810224176 | Business | C-2/124 SF West Enclave, Pitam Pura, New Delhi-110034 |
| 4 | Sh. Rameshwar Garg<br>Delhi<br>gargrameshwar2016@gmail. com | Vice-President | 9212450448 | Social Worker | H. No. 75, Pkt. 1, Rohini Sec-21, Delhi-110086 |
| 5 | Sh. Bunty Solanki<br>Delhi<br>bunty.vssd1994@gmail.com | General Secretary | 8585924134 | Pvt. Service | E-919, Mangol Puri,<br>New Delhi-110083 |
| 6 | Sh. Manoj Miglani<br>Delhi<br>manojmiglanimt@gmail.com | Joint Secretary | 9811433416 | Business | B-79, Ashoka Enclave, Paschim Vihar, Delhi-110087 |
| 7 | Ms. Reeta Aggarwal<br>Chhattisgarh<br>reeta.agrawal007@gmail.com | Joint Secretary | 9926134076<br>7987282892 | Social Worker | 26, Anamika Mobile, Devi Ganj Road Ambikapur Distt. Saraguja Chhattisgarh-497001 |
| 8 | Sh. Dharmender<br>Delhi<br>ds5961147@gmail.com | Treasurer | 9717500424<br>8076985962 | Business | A-82 Hari Enclave<br>Part-1 Kirari Suleman Nagar<br>Delhi - 110086 |
| 9 | Sh. Rinku Verma<br>Haryana<br>vvsregd13@gmail.com | Chair Person | 9996666755 | Business | 3107/4, Near Cooler Factory, Bhawna Chowk, Desraj Colony, Distt. Panipat, Haryana-132103 |
| 10 | Sh. Gurunathreddy<br>Karnataka<br>gurunathreddy003@gmail.com | Executive Member | 9008369003<br>9008803932 | Pvt. Service | Chintaki Post, Aurad, Tp. Bidar Distt. Karanataka-585326 |
| 11 | Sh. Rahul<br>Uttar Pradesh<br>vssd1994@gmail.com | Executive Member | 9560086433 | Pvt. Service | Harsoli Distt. Muzaffar Nagar Uttar Nagar |
| 12 | Sh. Hemant Bhai Goyal<br>Rajasthan<br>hemantbhai1966@yahoo.com | Executive Member | 8209296192 | Social Worker | Plot No. 01, 2nd Floor, ,<br>Jamuna Vihar, Swej Farm Sadla Jaipur, 302019 |
| 13 | Sh. Rakesh Kumar Jain | Executive | 9810930383 | Business | 1/1759, Near Jindal Oil Mill Gt Road, Moti Ram |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Delhi rk8jain@gmail.com | Member | | | Road, Mansarover Park, Shahdara Delhi-110032 |
| 14 | Sh. Saheb Islam West Bengal Islam.Saheb23@gmail.com | Executive Member | 9733174520 | Business | Mahesh Mati Near Bichitra Club Post And Distt Malda West Bengal 732101 |
| 15 | Tariq Ahmad Jammu And Kashmir tariqandbrothers@gmail.com | Executive Member | 7006546430 | Business | Bun Pora, Near Armunah Gotapora, Gota Pora, Badgam Arath, Jammu And Kashmir, 191111 |

# विकलांग सहारा समिति दिल्ली सोसाइटी का स्टाफ–2020–21

| Sl. No. | Name | Designation | Ph No. | Center Location |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Dhanu Gurung | Registration Officer | 9953051136 | VMK, (G-Block) |
| 2 | Shivani | Public Relation Officer | 8375029497 | VMK, (G-Block) |
| 3 | Seema | Sweeper | 9250136717 | VMK, (G-Block) |
| 4 | Sakshi Vats | Sr. Executive Officer | 8287278286 | H.O., (G-Block) |
| 5 | Pooja | HR Manager | 7503097194 | H.Q., (G-Block) |
| 6 | Himanshu | Accountant | 7503787209 | H.Q., (G-Block) |
| 7 | Hemraj | Field Boy | 8800260918 | H.Q., (G-Block) |
| 8 | Vaibhav Sharma | Driver | 8810500797 | H.Q., (G-Block) |
| 9 | Netu | Water Women | NA | H.Q., (G-Block) |
| 10 | Seema | Sweerper | 9250136717 | H.Q., (G-Block) |
| 11 | Muskan Khullar | Center Incharge | 9560593583 | VT Center (Bawana) |
| 12 | Varsha | Assistant Coordinator cum Tuition Instructor | 8700075243 | VT Center (Bawana) |
| 13 | Asha Joshi | Computer Instructor | 8826493975 | VT Center (Bawana) |
| 14 | Najrana | Cutting & Tailoring Instructor | 8826334091 | VT Center (Bawana) |
| 15 | Nisha Choudhary | Mehandi/Beauty Cultural Instructor | 9310691968 | VT Center (Bawana) |
| 16 | Poonam | Water Woman | 9560587696 | VT Center (Bawana) |
| 17 | Sachin | Watch Man | 8810227975 | VT Center (Bawana) |
| 18 | Chanchal Aggarwal | Center Incharge | 8585924140 | VT Center (Mangol Puri) |
| 19 | Pritam | Computer Instructor | 9315191595 | VT Center (Mangol Puri) |
| 20 | Sakshi | Beauty Culture Instructor | 8851740723 | VT Center (Mangol Puri) |
| 21 | Rekha | Cutting & Tailoring Instructor | 8929366738 | VT Center (Mangol Puri) |
| 22 | Sonu | Tally Instructor | 9971811319 | VT Center (Mangol Puri) |
| 23 | Hemraj | Water Man | 8800260918 | VT Center (Mangol Puri) |

## संस्थापक सीईओ की कलम से



इस वार्षिक रिपोर्ट के साथ, हम आपको कुछ कार्यक्रमों की झलक देने की कोशिश कर रहे हैं। आप अपने को जैसा सोचेंगे, आप वैसे ही बन जाएंगे। यदि आप स्वयं को कमजोर मानते हैं तो आप कमजोर ही होंगे। और यदि आप स्वयं को मजबूत सोचते हैं तो आप मजबूत हो जाएंगे केवल उन्हीं का जीवन, जीवन है जो दूसरों के लिए जीते हैं। अन्य सब तो जीवित होने से अधिक मृत हैं। आकांक्षा, अज्ञानता और असमानता – यह बंधन की त्रिमूर्तियां हैं। लोग तुम्हारी स्तुति करें या निन्दा, लक्ष्य तुम्हारे ऊपर कृपालु हो या न हो, तुम्हारा देहांत आज हो या युग में, परंतु तुम न्यायपथ से कभी भ्रष्ट न होना। जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।

"उठो मेरे शेरो, इस भ्रम को मिटा दो कि तुम निर्बल हो। तुम एक अमर आत्मा हो, स्वच्छंद जीव हो, धन्य हो, सनातन हो। तुम तत्व नहीं हो, तत्व तुम्हारा सेवक है तुम तत्व के सेवक नहीं हो।

कपिल कुमार अग्रवाल......

महासचिव.....



जन्म से मृत्यु तक एक संघर्ष है. साहसी व्यक्ति इसका सामना मुस्कुरा कर करते है. कभी गिरोगे तो खुद उठ भी जाओगे, कभी लड़खड़ाओगे तो खुद ही सम्भल भी जाओगे, जब तुम थामोगे हौसलों का दामन तो, एक दिन शिखर पर तुम भी चढ़ जाओगे. अपने जीवन की डिक्शनरी से "दिव्यांग" और "विकलांग" शब्द निकाल दे। विकलांग को दिव्यांग कहते है. विकलांग शब्द कमजोरी को दर्शाता है जबकि दिव्यांग एक सकारात्मक शब्द है. इसलिए विकलांग की जगह दिव्यांग का हमेशा प्रयोग करें।

बन्टी सौलंकी

# संस्था द्वारा वर्ष 2020–21 में किऐ गऐ कार्यो का वार्षिक विवरण




**नैशनल ट्रस्ट, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित निरामया बीमा योजना** पर संस्था मानसिक रूप से कमज़ोर बच्चों को निरामया बिमा करवाती है। यह योजना ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु–विकलांगता वाले व्यक्तियों को किफायती स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने के लिए है। नामांकित लाभार्थियों को मामूली नामांकन/नवीकरण शुल्क का भुगतान करके रु.1.0 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलता है:–
शुल्क चार्ट : 1 अप्रैल 2016 से लागू निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत नामांकन और नवीनीकरण के लिए पूर्ण शुल्क चार्ट निम्नानुसार है।

**<u>नामांकन और नवीनीकरण शुल्क</u>**

| पीडब्ल्यूडी श्रेणी | नामांकन शुल्क (रुपये में) | नवीनीकरण शुल्क (रुपये में) |
|---|---|---|
| गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) | रु. 250/– | रु. 50/– |
| गैर बीपीएल | रु. 500/– | रु. 250/– |
| कानूनी अभिभावक के साथ विकलांग (प्राकृतिक माता–पिता के अलावा) | निः शुल्क | निः शुल्क |



**मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए विकास कार्यः– विकलांग सहारा समिति दिल्ली** मानसिक और कई दिव्यांग लोगों (ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक) को समग्र देखभाल और सेवाएं प्रदान करती है। वे एक ऐसे समाज के निर्माण की आशा करते हैं जहां शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम लोग आत्मनिर्भर बनें और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करें। सीबीआर जैसे उनके कार्यक्रम विशेष रूप से अलग–अलग प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिसमें भाषण के लिए चिकित्सीय हस्तक्षेप, प्रारंभिक विकास के मुद्दों में भाग लेना और गतिविधियों में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल है। उन्हें नौकरी दिलाने में मदद करता है। **विकलांग सहारा समिति दिल्ली** का मानना है कि जीवन की गुणवत्ता को समृद्ध करने और अलग–अलग वयस्कों के लिए सम्मान लाने का सबसे अच्छा तरीका उन्हें जीवन और व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षण देना, समर्थन प्रणाली का निर्माण करना और समुदाय में जागरूकता बढ़ाना है। मानसिक रूप से विकलांगों को कौशल में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है जो उन्हें नौकरी पाने और आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है।

**विश्व आटिज्म जागरूकता दिवस मनाया गया :–** विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं नेशनल ट्रस्ट (राष्ट्रीय न्यास, सामजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्व आटिज्म जागरूकता दिवस ई–ब्लॉक, जे.जे. कॉलोनी बवाना दिल्ली में मनाया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम विशेष रूप से मानसिक रूप से निशक्त व्यक्तियों को नैशनल ट्रस्ट की योजनाऍ बताने व उन्हें जागरूक करने हेतु मनाया

गया। संस्था के महासचिव **श्री कपिल कुमार अग्रवाल जी** ने बताया की उपरोक्त संस्था नैशनल ट्रस्ट के साथ पंजीकृत है। उसी के माध्यम से यह जागरूकता कार्यक्रम विश्व आटिज्म जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस जागरूकता कार्यशाला के माध्यम आऐ हुऐ लोगों ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक को नैशनल ट्रस्ट की योजनाएँ जैसे Legal Guardianship, Nirmaya सामर्थ योजना एवम् अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारिया दी गई और साथ ही साथ लोगों से यह भी आग्रह किया की आप अन्य जानकारियों के लिए ट्रस्ट की वेवसाईड पर जानकारी देख सकते है।

**निरामय स्वास्थ्य बीमा योजनाः–** निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना का उद्देश्य मानसिक मंदता एवं बहु विकलांगता वाले व्यक्तियों को किफायती दामों पर स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराना है। इस योजना में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए एक लाख रुपये तक की बीमा सुरक्षा बड़े ही मामूली नामांकन शुल्क में उपलब्ध है। प्रतिवेदन अवधि में नामांकन शुल्क की श्रेणी थी रुपये 15000 से ज्यादा मासिक आमदनी वाले लोगों के लिए 500 रुपये एवं रुपये 15000 से कम आमदनी वाले लोगों के लिए 250 रुपये है। संस्था मानसिक मंदता एवं बहुत दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को अपलाई कर के उन्हें नैशनल ट्रस्ट की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ पाते है।


NIRAMAYA HEALTH CARD

Policy No. 214600/48/2018/90

Health ID No. 05564388431008201 7N

App. ID No. 43884310082017

| | |
|---|---|
| NAME | PAWAN KHANDELWAL |
| Father's NAME | NARESH KHANDWAL |
| DATE OF BIRTH | 09-Aug-2006 |
| ADDRESS | P-3/239 SULTANPURI SULTANPURI Delhi, Delhi, , -110086 |
| POLICY PERIOD | 18-8-2017 to 31-3-2018 |
| RENEWAL DATE | January to Feburary |

The National Trust for the welfare of Persons with Autism, Cerbral Palsy, Mental Retardation & Multiple Disabilities Ministry of Social Justice & Empowerment, Govt. of India www.thenationaltrust.gov.in

**मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए संस्था एक प्रयासः–** राष्ट्रीय मानसिक रूप से विकलांग संस्थान (एनआईएमएच) के सहयोग से, विकलांग सहारा समिति दिल्ली के मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए मानसिक विकलांगता प्रमाण पत्र प्राप्त किए गए ताकि वे स्कूल में प्रवेश, रोजगार, विकलांग पेंशन आदि के लिए कोटा जैसे लाभों का लाभ उठा सकें।



**लीगल गार्डियनशिपः–** संस्था ऐसे बच्चों को चेयन करती है जिनका लीगल गार्डियनशिप प्रमाण पत्र नही बना होता है। उसके लिए संस्था एसडीएम द्वारा एक बैठक में यह प्रमाण करती है कि वह इस बच्चों के परिवार में से है जो इन बच्चों की देख–रेख करेगें।

**टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रब्यूशन लिमिटेड, के माध्यम से विकलांग मार्गदर्शन केन्द्र,** का संचालन किया गया है। जहां (ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक) विकलांगों से संबंधित सभी जानकारियों से दिव्यांगजनों को अवगत कराया जाता जैसेः– कब? कहां? कैसे? (ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक) निशक्तजनों को क्या क्या सुविधाएं मिल सकती है। उपरोक्त केन्द्र में सभी प्रकार की दिव्यांगता के लिए कार्य किया जाता है। जैसे दिव्यांग पेंशन, रोजगार–स्व–रोजगार, विकलांग प्रमाण पत्र, बस पास, रेल पास, एमसीडी बूथ, इत्यादि। अभी तक इस केन्द्र के माध्यम से **7052 (2021) तक जोड़ा गया है।**



**दिव्यांगजनो को किया राशन, मास्क, सेनिटाईजर आदि का वितरणः–** विकंलाग सहारा समिति दिल्ली एवं **GoDaddy** के माध्यम से मंगोलपुरी, में (ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक) दिव्यांगजनों



को कच्चा राशन, मास्क, सेनिटाईजर उपलब्ध करवाया। इस दौरान विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं **GoDaddy** ने लगभग 100 (ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक) दिव्यांगजों को कच्चा राशन, मास्क, सेनिटाईजर उपलब्ध कराया। हम उनके उदार समर्थन के लिए GoDaddy को धन्यवाद देना चाहते हैं। आपके उत्साही समर्थन के लिए हम वास्तव में आपके आभारी हैं। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कपिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि संस्था दिव्यांग व्यक्ति भूखा न सोये, इसी के तहत एक छोटी सी मदद् पहुॅचाई जा रही है।

**ADIDAS कि मदद् से किया दिव्यांगजनों को जूतो का वितरणः—** विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं ADIDAS कि मदद् से 32 (ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक) दिव्यांगजनों को किया जूतो का वितरण। संस्था के सीईओ कपिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि संस्था ADIDAS की इस पहल के लिए आपका समर्थन करते है एवं संस्था व दिव्यांगजना वास्तव में आपके आभारी है कि आपने दिव्यांगजनों के लिए ऐसा प्रयास किया।




**विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय विकलांग जन संस्थान (विकलांग जन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार) के सहायोग से विकलांग सहायता कैम्प का आयोजनः—** विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय विकलांग जन संस्थान (विकलांग जन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार) के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांग सहायता कैम्प का आयोजन जी— ब्लॉक, बस्ती विकास केन्द्र, मंगोलपुरी दिल्ली में किया गया। जिसके तहत दिव्यांग लोगों का पंजीकरण कर दिव्यांग लोगों को सहायक उपकरण दिलाने के लिए उनके माप व साईज एकत्र किये गए। इस कैम्प की सबसे बडी बात यह रही कि इस कैम्प में (ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक) दिव्यांगजनो ने बढ—चढ कर अपना पंजीकरण करवाया। संस्था को मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कपिल कुमार अग्रवाल जी ने बताया कि इस कैम्प में पंडित दीनदयाल उपाध्याय विकलांग जन संस्थान (विकलांग जन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार) के स्टाफ के सहयोग से यह कैम्प सफल बनाया तथा इस तरह के कैम्प दिव्यांगों के कल्याण के लिए समय समय पर विभिन्न विभागों के सहयोग से आयोजित किये जाते रहेगें जिससे क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा जरूरत मंद दिव्यांग इन कैम्पों का लाभ उठा सकें। इस मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय विकलांग जन संस्थान (विकलांग जन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार) से क्षितिज चन्द्र विशाल, संजीव डोगरा, मृतुन्जय कुमार एवं संस्था के अध्यक्ष बजरंग लाल गुप्ता, चेयरमैंन डा0 राधेश्याम, उपसचिव, श्री मनोज मिगलानी जी, उपाध्यक्षा श्री विष्णु सिंघल, उपाध्यक्षा श्री रामेश्वर गर्ग महासचिव श्री बन्टी सौलंकी, कौषाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र कुमार, सुश्री धुन गुरूग सहित अन्य सदस्य तथा गणमान्य लोग उपस्थित थे।





**दिव्यांगजनों को तिपाहिया साईकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, बैसाखी, वाकर का वितरण :–** विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रब्यूशन लिमिटेड़ की सी.एस.आर. पहल के अंतर्गत निःशुल्क तिपहिया साईकिल, व्हील चेयर, बैशाखी, वाकर, कान की मशीन, एम आर कीट का वितरण समारोह का आयोजन सेंपिट ऑडिटोरियम सेक्टर–11, रोहिणी दिल्ली–110085, में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रब्यूशन लिमिटेट के सीईओ श्री गणेश श्रीनिवासन सर ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री के. के सुमन सर, श्री सिद्धार्थ सिंह, श्री वाई एस बुटोला, डा. गणेश दास, श्री भरत छाबडा सर, श्री अजीत मालयवर श्री राजेश बहल, श्री पंकज कुमार सर, श्रीमति गीतांजलि, टाटा पावर मुम्बई से सुश्री ज्योति बंसल मैम, टाटा पावर ट्रेडिंग कम्पनी लिमिटेट सुश्री नेहा मैम, ने संयुक्त रूप से (ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक) विकलांग लोगो को व्हील चेयर, ट्राईसाईकिल, बैशाखी, वाकर, कान की मशीन आदि दिव्यांगजनों को दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिए गए जिन लोगों को चलने फिरने में असावधानी होती है इसलिए उन दिव्यांगजनों को आज एक जगह एकत्र किया गया, जहॉ वह असानी से पहुॅच सकें, क्योकि दिव्यांग व्यक्ति के अन्य जगह जाने के लिए किराया और समय का अभाव होता है, हर दिव्यांग व्यक्ति के लिए उन सभी विभागों में जाने में असुविधा होती है। विकलांग सहारा समिति दिल्ली के संस्थापक मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कपिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए हमारी संस्था टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रब्यूशन लिमिटेट के माध्यम से इस तरह के अन्य शिविरों का आयोजन क्षेत्र में समय समय पर आयोजित करती रहेगी। और दिव्यांगजनों को मार्गदर्शन के साथ–साथ उन्हें सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से अवगत करेगी। जैसे कि वर्तमान समय में पिछले 12 वर्षो से संस्था टाटा पावर डीडीएल के साथ मिलकर मंगोलपुरी स्थित विकलांग मार्गदर्शन केन्द्र संचालन कर रहा है जिसमें तरह तरह के दिव्यांग लोग आकर सुविधा प्राप्त करते है।



**टाटा पावर ट्रेडिंग कम्पनी लिमिटेट के सहयोग से विकलांगों को तिपाहिया साईकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, बैसाखी का वितरण :–** विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं टाटा पावर ट्रेडिंग कम्पनी लिमिटेड की सी.एस.आर. पहल के अंतर्गत निःशुल्क तिपहिया साईकिल, व्हील चेयर, बैशाखी, स्टीक, कान की मशीन, का वितरण समारोह का आयोजन टाटा पावर ट्रेडिंग कम्पनी लिमिटेड, बी–12 एंड 13, सेक्टर–4, नोएड़ा, उत्तर प्रदेश–201301, में किया गया। कार्यक्रम में वारिष्ठ अतिथि के रूप में श्री अजय कपूर जी, श्री के.के. सुमन श्री भास्कर सरकार, श्री अमित गर्ग, श्री रामकृष्णा सटालुरी, श्री तरूण कटियार ने संयुक्त से दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, ट्राईसाईकिल, बैशाखी, वाकर, कान की मशीन आदि (ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक) दिव्यांगजनों को दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिए गए जिन लोगों को चलने फिरने में असावधानी होती है इसलिए उन दिव्यांगजनों को आज एक जगह एकत्र किया गया, जहॉ वह असानी से पहुॅच सकें, क्योकि दिव्यांग व्यक्ति को अन्य

जगह जाने के लिए किराया और समय का अभाव होता है, हर दिव्यांग व्यक्ति के लिए उन सभी विभागों में जाने में असुविधा होती है।



**दिव्यांग मनसिक रूप से कमजोर महिला को किया तिपहिया साईकिल का वितरणः—** विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किराड़ी विधानसभा दिल्ली में महिला एवं बाल विकास विभाग दिल्ली सरकार Kanjhawala Project द्वारा गोद भराई के कार्यक्रम के दौरान एक दिव्यांग मनसिक रूप से कमजोर महिला को संस्था विकलांग सहारा समिति दिल्ली द्वारा तिपहिया साइकिल दी गई महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला उत्तर पश्चिम की जिलाधिकारी श्रीमती इंदरजीत सिंह पाठक द्वारा मुझे आमंत्रित किया गया कार्यक्रम को देखकर मन बहुत ही प्रसन्न हुआ कि महिलाओं के लिए आज दिल्ली सरकार का महिला एवं बाल विकास विभाग महिला एवं बच्चों के लिए अनेक परियोजनाओं के माध्यम से कार्य कर रहे हैं।








